हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला(कांगड़ा)-176213

क्रमांकः हिशिबो(19)संचालन-1/सा०फा०-9/Special Chance/Vol-III/2022/ 451292-1330 दिनांकः- 24-02-2022

"अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2021-22 के दसवीं व जमा दो के ऐसे परीक्षार्थियों जोकि Term-I परीक्षाओं के दौरान Covid Positive होने या किन्हीं अन्य अपरिहार्य कारणों से एक या एक से अधिक विषयों की परीक्षाएं नहीं दे पाए हैं, के लिए केवल उन्हीं विषयों की विशेष परीक्षा का संचालन निम्नलिखित तिथियों को प्रातः कालीन सत्र में 08.45 से 12:00 बजे तक किया जा रहा है:-

क्रमांक	परीक्षा का नाम	परीक्षा तिथियां
1.	10th	10.03.2022 से 17.03.2022 तक।
2.	12th	10.03.2022 से 25.03.2022 तक।

सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक हि०शि०बो०(39)/फा०सं०23/Vol-II/Special/GoldenChance/7768-7818 दिनांक:23-02-2022 के अनुसार ऐसे परीक्षार्थियों के प्रतिवेदन परीक्षा में अनुपस्थित होने के कारण व इसके साक्ष्यों सहित बोर्ड की ई-मेल आई०डी० hpbose2011@gmail.com पर चार दिनों(4 days) के भीतर प्रेषित करें।

परीक्षा संचालन में नियुक्त समस्त स्टॉफ के साथ ही परीक्षार्थियों को फेसमास्क पहनना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा देने के लिए आधा घण्टा पूर्व अपने केन्द्र पर उपस्थिति देनी होगी व उन्हें सैनिटाईज़र या साबुन/पानी से हैंड वॉश करने के उपरान्त ही परीक्षा भवन में प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा हाल में भी उचित सोशल डिस्टैंसिंग अपनाते हुए ही बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

सचिव

पृष्ठाकंन संख्याः यथोपरि/

प्रतिलिपि निम्नलिखित को दिनांक सूची सहित प्रेषित है:-

1. प्रधान सचिव(शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-171002।
2. निजी सहायक, अध्यक्ष/सचिव।
3. निदेशक, प्रारम्भिक/उच्चतर शिक्षा, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171001 ।
4. निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान, हिमाचल प्रदेश, शिमला।
5. समस्त उप निदेशक(प्रारम्भिक/उच्चतर शिक्षा), हिमाचल प्रदेश।
6. अतिरिक्त सचिव/संयुक्त सचिव/समस्त उप सचिव/सहायक सचिव, हि०प्र०स्कूल शिक्षा बोर्ड।
7. अनुभाग अधिकारी, संचालन-II/प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।
8. अनुभाग अधिकारी, समस्त् परीक्षा शाखाओं(दसवीं एवम् जमा दो) को इस निर्देश सहित कि इस सम्बन्ध में प्राप्त आवेदनों बारे सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर कक्षावार/विषयबार सूची संचालन I, II को उपलब्ध करवाएं।
9. लोक सम्पर्क अधिकारी, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।
10. समस्त जिला प्रवन्धक/प्रभारी, पुस्तक वितरण एवम् मार्गदर्शन केन्द्र, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।
11. अनुभाग अधिकारी, IT Cell हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त अधिसूचना को सभी विद्यालयों के User-Id व बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करें।

सचिव